Seventeenth Loksabha

>

Title: Request to allocate sanctioned fund for the completion of the pending project of Kosi-Mechi river linkage Yojana in Bihar.

श्री प्रदीप कुमार सिंह (अररिया) : माननीय अध्यक्ष महोदय, आपने मुझे शून्यकाल में बोलने का अवसर दिया, इसके लिए आपका धन्यवाद व आभार ।

महोदय, मैं भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेन्द्र मोदी जी का धन्यवाद करना चाहता हूँ, जिनके नेतृत्व में बिहार की पहली और देश की दूसरी बड़ी नदी जोड़ योजना को माननीय वन मंत्री और जल शक्ति मंत्री जी द्वारा मंजूरी दी गई है । सीमांचल क्षेत्र में एक ओर बाढ़ तो दूसरी तरफ सिंचाई की समस्या से जूझ रहे बिहार के लिए सभी प्रमुख बातों को ध्यान में रखते हुए कोसी और मेची नदी जोड़ योजना में नदियों को आपस में जोड़ने के लिए 4,900 करोड़ रुपये की 'कोसी-मेची नदी जोड़ योजना' को मंजूरी दी गई । इस योजना के धरातल पर उतरने से न सिर्फ कोसी और सीमांचल के इलाके में बाढ़ की समस्या खत्म होगी, बल्कि इससे दो लाख हेक्टेयर से अधिक जमीन की सिंचाई भी हो सकेगी ।

माननीय अध्यक्ष महोदय, मैं आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से आग्रह करना चाहूंगा कि "कोसी-मेची नदी जोड़ योजना", जो भारत सरकार के जल शक्ति मंत्रालय के पास लंबित है, इस योजना के लिए आबंटित राशि को दिया जाए और इस कार्य को जल्द से जल्द पूरा किया जाए, ताकि किसानों को बाढ़ और सुखाड़ जैसी समस्या से निदान प्राप्त हो । हम लोग सीमांचल के एरिया से आते हैं, इसलिए इस योजना का पूरा किया जाए । धन्यवाद ।